फ्री ऑनलाइन डॉक्टर सर्विस 'साथ' हरियाणा में लॉन्च

चर्चा में क्यों?

हाल ही में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने वेबिनार के माध्यम से 'सेवा इंटरनेशनल' नामक एनजीओ की फ्री ऑनलाइन डॉक्टर सर्विस 'साथ' को हरियाणा में लॉन्च किया। इस सर्विस के माध्यम से राज्य का कोई भी व्यक्ति मोबाइल नंबर 079690700500 पर कॉल करके बीमारी से संबंधित डॉक्टरों से निःशुल्क परामर्श ले सकता है।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि हरियाणा सरकार ने कोविड-19 के दौरान मरीजों को ऑनलाइन डॉक्टरों से परामर्श दिलवाया था। यही नहीं कोविड के बाद भी मरीज़ों को सहायता दी गई।
- उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के प्रयासों से विदेशों से भी करीब 150 करोड़ रुपए के चिकित्सकीय उपकरण जरूरतमंदों को उपलब्ध करवाए गए। साथ ही राज्य सरकार के कर्मचारियों ने भी करीब 300 करोड़ रुपए का स्वैच्छिक सहयोग दिया।
- मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश में सीएसआर ट्रस्ट का गठन किया है ताकि सीएसआर के तहत आने वाली धनराशि का सही उपयोग किया जा सके।
- गौरतलब है कि 'सेवा इंटरनेशनल' द्वारा विश्व के 26 देशों में समाजसेवा का कार्य किया जा रहा है। उक्त फ्री ऑनलाइन डॉक्टर सर्विस 'साथ' भारत में चार राज्यों में चलाई जा रही है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/free-online-doctor-service-saath-launched-in-haryana